तब मयना हिमवंतु अनंदे । पुनि पुनि पारबती पद बंदे ।।
पारबती भल अवसरु जानी । गईं संभु पहिं मातु भवानी ।।
|| Ram Katha 967 – ✲मानस वन्दे मातरम || Mumbai || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 135 | इंदौर, शनिवार 29 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले-

## कानून की पकड़ से बच नहीं सकेगा कोई अपराधी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को रविन्द्र भवन में मीडिया से चर्चा में कहा कि शासन के नियमों और व्यवस्थाओं के साथ सब अपने ढंग से जीवन जियें, यह बेहद स्वाभाविक है। लेकिन जो भी व्यक्ति इन नियमों और व्यवस्थाओं को नहीं मानता है, सरकार उससे अच्छी तरह निपटना भी जानती है और कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर उसे प्रतिबंधित भी करती है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायसेन जिले के गौहरगंज में एक अबोध बच्ची के साथ दुराचार को अंजाम देने वाले अपराधी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस किसी भी अपराधी को छोड़ने वाली नहीं है। पुलिस की पकड़ से कोई भी अपराधी भाग नहीं सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सलमान नाम के आरोपी को शॉर्ट एनकाउंटर कर पकड़ा है। राज्य सरकार सबके साथ लेकर आगे बढ़ने का भाव रखती है। कोई भी कानून हाथ में लेगा, तो हमारी सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है।

## दिल्ली ब्लास्ट को 'आतंकियों का जलवा' कह गए कांग्रेस नेता

### मोदी सरकार पर साध रहे थे निशाना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अक्सर अपने बयानों की वजह से सुर्खियों और विवादों में रहने वाले कांग्रेस नेता उदित राज ने आतंकी हमलों को दहशतगर्दों का 'जलवा' करार दिया है। उदित राज ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी कहा जाता है कि आतंकवाद को दफन कर दिया, तब-तब आतंकवादी अपना कुछ जलवा दिखा देते हैं। उन्होंने दिल्ली धमाके का जिक्र करते हुए यह बात कही। 10 नवंबर की शाम लाल किले के पास i20 कार में हुए जोरदार धमाके में हमलावर समेत 15 लोगों की जान चली गई, जबकि 20 बुरी तरह घायल हो गए। धमाके को डॉक्टरों के एक आतंकी मॉड्यूल ने अंजाम दिया। जम्मू-कश्मीर के रहने वाले एक डॉक्टर आतंकी उमर नबी ने फिदायीन हमला किया था। जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की ओर से दिए गए एक बयान से जुड़े सवाल के जवाब में उदित राज ने कहा, 'क्या गलत कह रहे हैं, स्टेटहुड का प्रॉमिश था। कई बार बेईमानी हो रही है, लूट रहे हैं वहां। लूटने के लिए ही रखा गया है। संभल तो रहा नहीं है।

सरकार का बड़ा फैसला

# अब डॉक्टर की पर्ची बिना दवा दुकानों पर कफ सिरप नहीं मिलेगा

## बच्चों की सुरक्षा प्राथमिकता

**नई दिल्ली, (एजेंसी) कफ सिरप से कई बच्चों की मौतों और दुष्प्रभावों को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी मनमानी बिक्री पर लगाम लगाने के लिए कड़ा कदम उठाया है। अब अधिकांश कफ सिरप डॉक्टर की पर्ची के बिना मेडिकल दुकानों पर नहीं बेचे जा सकेंगे। उन्हें हर प्रिस्क्रिप्शन का रिकॉर्ड रखना होगा। साथ ही, कफ सिरप व गुणवत्ता जांच के कड़े नियमों का पालन करना होगा।**

### औषध परामर्श समिति से मंजूरी के बाद सख्ती बढ़ाने का फैसला

सरकार की शीर्ष नियामक औषध परामर्श समिति ने कफ सिरप को उस शेड्यूल से हटाने की मंजूरी दे दी है, जिसके प्रावधान कफ सिरप को लाइसेंसिंग व खास निगरानी नियमों से छूट देते थे। यानी इसे खरीदने के लिए डॉक्टर की सलाह और पर्चा अनिवार्य होगा।



### बच्चों की सुरक्षा प्राथमिकता

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक शीर्ष अफसर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे गलत दवा सेवन, दुष्प्रभाव रोका जा सकेगा। हाल में यह तथ्य सामने आया है कि कुछ लोग कफ सिरप का नशे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, कई माता-पिता बिना डॉक्टर से पूछे बच्चों को सिरप दे रहे हैं।

### मध्य प्रदेश के अलावा विदेश में भी कई मौतों के बाद डॉक्टरों का परामर्श अनिवार्य

समिति के एक सदस्य ने कहा कि प्रस्ताव इसलिए लाया गया, क्योंकि तीन वर्षों में भारत से निर्यात कई कफ सिरपों में डाई-एथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) और ईथिलीन ग्लाइकोल (ईजी) जैसे घातक रसायन पाए गए। इसके चलते गाम्बिया, उज्बेकिस्तान व कैमरून में कई बच्चों की मौतें हुईं। हाल में मध्य प्रदेश में भी कई बच्चों की इससे मौत हो गई। समिति के मुताबिक, सरकार की कोशिश है कि खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारी में भी खुद दवा लेने के बजाय लोग डॉक्टर से परामर्श लें।

# महापौर ने कहा कि सराफा में सुरक्षा जरूरी

## जिन्हें हटाएंगे उनके लिए दूसरी जगह तलाशेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (निप्र)

**इंदौर। सराफा बाजार से हटाए गए दुकानदारों ने शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मुलाकात की। महापौर ने कहा कि सराफा में मोमोस की दुकानें नहीं लगने दी जाएगी। जिन लोगों की चाइनीज, मोमोस की दुकान लग भी गई है। वह भी बंद कराकर उन्हें दूसरी वस्तुओं की दुकान खोलने के लिए कहा जाएगा।**



महापौर ने कहा कि सराफा में सुरक्षा जरूरी है, जिसकी मांग सोना-चांदी व्यापारियों ने एसोसिएशन के माध्यम से की थी। हम उसी कार्य पर लगे हैं। इंदौर की पहचान सराफा चौपाटी का वैभव बना रहे इस पर हम काम कर रहे हैं। हम इन्हें दूसरी जगह देंगे ताकि उनका भी नुकसान न हो। महापौर ने बार-बार आग्रह के बाद भी दो टूक यही जवाब दिया कि अब आपको सराफा में दुकान नहीं लगाने दी जाएगी। कई कारोबारियों ने एक व्यापारी के चार से पांच दुकान होने और निगम की सूची फाइनल होने में गलत सूची होने की बात भी कही गई। इस पर महापौर ने यह भी कहा था कि हम सूची की जांच करवा लेंगे और किसी की चार से पांच दुकान है तो उसकी भी जांच होगी। गुरुवार रात नगर निगम की टीम फिर कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान जिनकी दुकानें नहीं लगने दी जा रही थीं, वे विरोध करने लगे। चौपाटी में जाने का रास्ता रोककर जमीन पर बैठ गए। साथ ही नारेबाजी करने लगे। हंगामा देखते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई। उन्होंने लोगों को समझाइश दी। इससे पहले बुधवार को निगम की कार्रवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ था। गुरुवार को नगर निगम की टीम यहां फिर कार्रवाई करने पहुंची थी।

# जिन विभागों में 10 से अधिक महिलाएं कार्य करती है वहां बनेगी इंटरनल कमेटी

## जेंडर गेप दूर करने में कलेक्टर्स की अहम भूमिका- राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती रहाटकर

- राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने इंदौर संभाग के कलेक्टर्स और संभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर की अध्यक्षता में रेसीडेंसी कोठी पर शुक्रवार को इंदौर सम्भाग के कलेक्टर्स, जिला पंचायत सीईओ और सम्भागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा संभाग की जानकारी प्रस्तुत की गई। प्रदेश सहित संभाग में महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रियान्वित योजनाओं में लाड़ली लक्ष्मी व लाड़ली बहनों की सहभागिता के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की।**



बैठक में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रहाटकर ने निर्देशित किया कि संभाग में बालक-बालिका शिशु लिंगानुपात के अंतर को कम करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। समाज में बालक-बालिकाएं दोनों एक सम्मान है। बालिकाओं की शिक्षा के लिए और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाए। विद्यालयों में सभी लड़कियों को प्रवेश मिले इसके लिए विशेष प्रयास किए जाए।

उन्होंने संभागायुक्त और सभी कलेक्टर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं पर होने वाले शोषण को रोकने और महिला सुरक्षा के लिए सभी जगह प्रोटेक्शन ऑफिसर की नियुक्ति अनिवार्य रूप से की जाए। यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय का भी है। यह कार्य आगामी दो माह में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि समाज की आधी आबादी महिलाओं की है। समाज में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं है, जो असंगठित क्षेत्रों में कार्य करती है, किंतु उनकी सुरक्षा और उन्हें सही न्याय मिले इसके लिए अधिक से अधिक स्थानीय स्तर पर इंटरनल कमेटी बनायी जाए। जिस संस्थान में 10 या इससे अधिक महिलाएं कार्यरत है, वहाँ स्थानीय स्तर पर इंटरनल कमेटी बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। साथ ही इसका विशेष रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए। कलेक्टर एवं कमिश्नर स्वयं इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि समाज में आज बड़ी संख्या में विवाह तो हो रहे हैं, लेकिन दोनों में आपसी समन्वय के अभाव के कारण उनमें जल्दी संबंध विच्छेद हो रहे हैं। इस वजह से समाज में तलाक की मामले बढ़ते जा रहे है। इसको रोकने के लिए प्री-मेडिकल कम्युनिकेशन सेंटर शुरू किए जाए। इसमें मनोवैज्ञानिक या मास्टर ऑफ सोशल वर्क का सहयोग लिया जाए, जो काउंसलिंग करेंगे। इस तरह के सेंटर तहसील स्तर पर शुरू किए जाए। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रहाटकर ने कहा कि प्री-मेडिकल कम्युनिकेशन सेंटर नागपुर के शंभाजी नगर में संचालित हो रहे है और कुछ ही समय में वहाँ उनकी संख्या 60 हो गई है। इस सेंटर के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। हमारा लक्ष्य देशभर में 100 प्री-मेडिकल कम्यूनिकेशन सेंटर बनाने का लक्ष्य है।

## जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर 11 बीएलओ को नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को गति देने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा द्वारा एक ओर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइज़रों को सम्मानित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कार्य में उदासीनता, लापरवाही और अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री वर्मा ने 11 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ (शोकाज़) नोटिस जारी किए हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा से पूर्व, इसी माह के अंत तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण नहीं करने वाले बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइज़र तथा सहयोगी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने इंदौर में की जनसुनवाई**

## 164 शिकायतों में से अधिकांश मामलों का तत्काल निराकरण शेष प्रकरणों के निराकरण के लिये समय-सीमा तय

- आयोग ने शुरू की "राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार" पहल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर की विशेष उपस्थिति में इंदौर में व्यापक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। श्रीमती रहाटकर ने बताया कि आयोग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण करना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आयोग ने हाल ही में "राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार" पहल की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत आयोग उन महिलाओं तक खुद पहुंच रहा है, जो अपनी शिकायत लेकर आयोग तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसी सिलसिले में आज इंदौर में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि बीते चार–पांच महीनों में पूरे देश में 75 से अधिक जनसुनवाइयाँ आयोजित की गई हैं और इनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। प्रशासन और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से लगभग



60 प्रतिशत शिकायतों का समाधान स्थल पर ही हो जाता है, जबकि शेष 30–40 प्रतिशत मामलों में काउंसलिंग और मेडिएशन की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे मामलों पर भी निरंतर कार्रवाई की जाती है।

उन्होंने बताया कि इंदौर में राष्ट्रीय महिला आयोग को कुल 164 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से अनेक का समाधान आयोग के यहां आगमन से पूर्व ही हो गया। आज की जनसुनवाई में 40 शिकायतों का प्रत्यक्ष सुनवाई के लिए चयन किया गया। इन शिकायतों में प्रमुख रूप से सेक्सुअल हैरेसमेंट, रेप और अटेम्प्ट टू रेप, दहेज उत्पीड़न, सायबर क्राइम आदि से जुड़े थे। अधिकांश प्रकरण निराकृत किये गये। शेष के लिये समय-सीमा तय की गई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान 30 वॉक-इन शिकायतें भी प्राप्त हुईं, जिनकी सुनवाई तुरंत प्रारंभ कर दी गई। श्रीमती रहाटकर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों की सुनवाई जल्द कर पीड़ित महिलाओं को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर में आज हमारा प्रयास यही रहा कि अधिकतम महिलाओं को तुरंत न्याय मिले। जनसुनवाई का यह सिलसिला आगे भी इसी संवेदनशीलता के साथ जारी रहेगा।

## सगीर अहमद खान हुए सेवानिवृत्त

**इंदौर**। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में पदस्थ वाहन चालक सगीर अहमद खान आज लगभग 40 वर्षों की शासकीय सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर जनसंपर्क कार्यालय में स्नेहपूर्ण विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री खान के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। उप संचालक जनसंपर्क श्री पुष्पेंद्र वास्कले ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर श्री सगीर अहमद खान का सम्मान किया। इस अवसर पर सहायक संचालक जनसंपर्क श्री महिपाल अजय, श्री श्रीकांत सिरसाट, श्री दिनेश कपूर, श्री अशोक वटके, श्री अभिषेक मालवीय, श्रीमती सावित्री धनोतिया, श्री अनिल कुलपारिया, श्री रामअवतार यादव, श्री अशोक कौशल, श्री हेमराज जीवनानी, श्री अनिल माने, श्री महेश कुमार, श्री राजेश गावर, श्री चेतन शिवरे, श्री पवन चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नेपाली संस्कृति परिषद के पदाधिकारियों के साथ में**

## आईआईएम, इंदौर के समूह की सहभोज के साथ बैठक संपन्न हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गत दिनों राऊ स्थित राजतिलक रेस्टोरेंट पर नेपाली भाषा व संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण के लिए कार्यरत अन्तर्राष्ट्रीय संस्था नेपाली संस्कृति परिषद के पदाधिकारियों के साथ में आईआईएम, इंदौर के समूह की सहभोज के साथ बैठक संपन्न हुई। जिसमें नेपाली संस्कृति परिषद से म.प्र. के अध्यक्ष तिलक राज शर्मा, बिनोद रेग्मी (राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष,



नेपाली संस्कृति परिषद), श्रीमान दिलीप (केंद्रीय उपाध्यक्ष, नेपाली संस्कृति परिषद), नरेंद्र (रतलाम जिला अध्यक्ष, नेपाली संस्कृति परिषद), श्रीमती अनिता थापा (अंतर्राष्ट्रीय सचिव, नेपाली संस्कृति परिषद) सहित 16 पदाधिकारी उपस्थित रहे। आईआईएम, इंदौर से प्रो. आदित्य माहेश्वरी ने भारतजेन परियोजना के बारे में विस्तार से बताया, साथ में प्रतीक जोशी (सहायक प्रबंधक, भारतजेन) ने आभार प्रकट किया व अमित गजकेश्वर, विवेक पटेल सम्मिलित हुए। नेपाली संस्कृति परिषद के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष बिनोद ने संस्था के बारे में भूमिका रखते हुए भारतजेन परियोजना के लिए पूर्ण सहयोग करने को कहा व पूर्वोत्तर समेत देशभर में नेपाली भाषा के लिए कार्य करने वाले साहित्यकार, लेखक, शोध संस्था, ग्रन्थालय आदि की सूची बनाकर इस कार्य के लिए सहयोग करने का कहा।

## करंट लगने से इलेक्ट्रिशियन की मौत

**इंदौर**। चंदननगर में निर्माणाधीन मकान में झिरी करने के दौरान एक इलेक्ट्रिशियन झुलस गया। उसे उपचार के लिए चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही को लेकर जांच शुरू की है। चंदननगर पुलिस के मुताबिक, घटना 23 नवंबर प्रतापनगर चोइथराम नेत्रालय के पास की है। समीर (19) पुत्र पवन सोलंकी निवासी अरिहंत नगर, सिहांसा में सूरज नाम के व्यक्ति के घर पर मशीन से झिरी करने गया था। इस दौरान तार में कट लगे होने से उसे करंट लग गया और वह झुलस गया। उसे उपचार के लिए ठेकेदार और अन्य साथियों ने अस्पताल भेजा। परिवार के लोगों ने बताया कि समीर को ठेकेदार राजेश ठाकुर अपने साथ लेकर गया था। रिश्तेदारों के मुताबिक, समीर के पिता की एक माह पहले ही मौत हुई थी। 23 नवंबर को इसके लिए जागरण रखा गया था। दिन में बाजार करके समीर घर पहुंचा था। वह अपने बड़े भाई के साथ था। तभी ठेकेदार राजेश ठाकुर आया और कुछ देर का काम कर वापस आने की बात कही। लेकिन वहां हादसा हो गया। परिवार ने ठेकेदार और मकान मालिक पर आरोप लगाया है।

# एमवाय अस्पताल की चौथी मंजिल से कैदी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमवाय अस्पताल से शुक्रवार सुबह एक कैदी चौथी मंजिल से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान लगाई गई मचान के सहारे वह नीचे उतरा। जब जेल गार्ड ने उसे बेड पर नहीं पाया, तो उसने अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद संयोगितागंज थाना पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। फरार कैदी हत्या के मामले में जेल में बंद था।**



संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक, कैदी का नाम विशाल पुत्र खरदे, निवासी कुलकर्णी का भट्टा है। बीमार होने के चलते उसे सेंट्रल जेल से इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया था और 23 नंबर वार्ड में भर्ती किया गया था। शुक्रवार सुबह पुलिस गार्ड किसी काम से बाहर गया, तभी विशाल वार्ड से बाहर आया और बालकनी से मचान के सहारे नीचे उतरकर भाग गया।पुलिस का कहना है कि विशाल ने 2023 में बाणगंगा क्षेत्र में अपने साथियों के साथ एक युवक की हत्या की थी, जिसके बाद से वह जेल में था। उसके फरार होने की सूचना परदेशीपुरा और बाणगंगा पुलिस को भी दे दी गई है। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक श्याम नगर में रहने वाली अर्चना डाबर की 6 मई 2020 को हत्या की गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में मृतका के प्रेमी विशाल प्रजापति निवासी कुलकर्णी भट्टा और उसके दोस्तों सत्य नारायण पुत्र सत्यम सोलंकी और शिव नंदन पुत्र जान राठौर निवासी काशीपुरी को आरोपी बनाया था। जानकारी के मुताबिक अर्चना डाबर और विशाल प्रजापति की दोस्ती थी। 6 मई 2020 को अर्चना ने छह से ज्यादा बार विशाल को कॉल किया। जिसके बाद विशाल ने उसे कुलकर्णी भट्टे पर मिलने बुला लिया। यहां दोस्त सत्यम सोलंकी और शिव नंदन की मदद से उसका गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे घर से कुछ ही दूरी पर बने एक चैंबर में पटक कर ऊपर से नमक और मिट्टी डाल दी। 22 जनवरी 2021 को पुलिस को वहां से सड़ा गला शव मिला था। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में सत्यम और शिव नंदन को पकड़ा था। उन्होंने पूरी वारदात से पर्दा उठाया था। बताया जाता है विशाल और उसकी पत्नी कविता से अर्चना को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

## इलेक्ट्रीशियन ने दोस्त के घर लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक इलेक्ट्रीशियन ने एमआईजी थाने के नादिया नगर क्षेत्र में अपने दोस्त के कमरे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक तीन दिन से घर नहीं लौटा था, परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रात में उसके भाई ने दोस्त को फोन किया, तब पूरी घटना सामने आई।**

एमआईजी पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान आयुष राजपूत (24) निवासी मयूर नगर आजाद नगर के रूप में हुई है। आयुष का दोस्त राज नादिया नगर में रहता है और घटना उसके ही कमरे की है। उसके भाई आदर्श के अनुसार आयुष 3 दिन से घर नहीं आया था। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। संदेह होने पर आदर्श ने दोस्त राज को संपर्क किया। राज ने कमरे पर जाकर देखा, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। लॉक तोड़ने पर आयुष फंदे से लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आदर्श ने बताया कि वह खिरकिया के रहने वाले हैं और वहां की एक युवती से आयुष का प्रेम प्रसंग था, लेकिन लड़की के परिजनों को इस रिश्ते से आपत्ति थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि यही मानसिक तनाव आत्महत्या की वजह हो सकता है। एमआईजी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आज पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपेगी। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के भाई और बहन के बयान लिए जाएंगे। वहीं प्रेम प्रसंग संबंधित पहलुओं की भी जांच की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। आदर्श ने बताया कि माता-पिता नहीं हैं। परिवार में सिर्फ भाई-बहन हैं। वह खिरकिया के रहने वाले हैं और आयुष अक्सर सांवेर रोड इंदौर में रहने वाली बहन के घर जाकर रुकता था, लेकिन पिछले तीन दिन से वह बहन के घर भी नहीं गया।

## शराब कंपनी के कर्मचारियों से 10 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर भागे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर के पास महू में शुक्रवार सुबह एक बड़ी वारदात सामने आई है। ड्रीमलैंड चौराहे पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के ठीक बाहर दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने शराब कंपनी के कर्मचारियों से 10 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया। घटना सुबह करीब 11:30 बजे की है, जब बाजार में अच्छी खासी चहल-पहल थी। शराब कंपनी में काम करने वाले तीन कर्मचारी हर्षित, गौरव और रौनक शुक्रवार को बैंक के काम से निकले थे। वे महू के ड्रीमलैंड चौराहे स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में पैसा निकालने पहुंचे थे। उन्होंने बैंक से चालान भरने के लिए 10 लाख रुपये विड्रॉल किए और रकम को एक बैग में रख लिया। जैसे ही वे पैसे लेकर बैंक से बाहर निकले, वहां पहले से घात लगाकर खड़े दो बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारा और हर्षित के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही शराब कंपनी के कर्मचारियों ने अपने ठेकेदार बद्री फौजी को फोन किया, जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच कर रही है। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि लुटेरों की पहचान की जा सके और उनकी बाइक का नंबर मिल सके।



शराब ठेकेदार बद्री फौजी के बेटे अमन ठाकुर ने इस मामले में एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने अपने ही कर्मचारियों पर शक जताया है। अमन का कहना है कि तीनों कर्मचारी मानपुर के रहने वाले हैं और जिस जगह यह घटना हुई, वहां ठीक सामने यातायात पुलिस की चौकी भी है। अमन के मुताबिक, अगर बीच बाजार में लूट होती तो कर्मचारी कम से कम चोरों का पीछा करते या शोर मचाते, लेकिन उन्होंने ऐसा कोई प्रयास नहीं किया। इसी वजह से मालिक को लग रहा है कि इस वारदात में कर्मचारियों की मिलीभगत हो सकती है।

## भाजपा नेता के रिश्तेदार का निगम टीम से विवाद

### सुपरवाइजर और उपयंत्री को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में गुरुवार को नगर निगम के अधिकारियों और भाजपा नेता के रिश्तेदार के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने सुपरवाइजर और उपयंत्री के साथ मारपीट कर दी। मामला थाने पहुंचा, जहां निगम अफसरों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।**

हीरानगर पुलिस के अनुसार, अंकित पुत्र रमाशंकर निवासी बिजासन रोड ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में रमेश पुत्र रामकिशोर शर्मा निवासी सुखलिया के खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। अंकित नगर निगम में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। घटना सुखलिया स्थित मकान सीएच-66 के सामने हुई, जहां नर्मदा पाइपलाइन डालने के लिए गड्ढा खोदने का कार्य किया जाना था। मौके पर उपयंत्री पलाश पंडित भी मौजूद थे। इस दौरान रमेश शर्मा ने उपयंत्री को अपशब्द कहे। जब अंकित ने समझाने का प्रयास किया, तो रमेश शर्मा उस पर लात-घूंसों से टूट पड़े। बचाव के लिए पहुंचे उपयंत्री पलाश पंडित और ठेकेदार कंपनी के सुपरवाइजर अनिल चौहान के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। उपयंत्री पलाश पंडित ने बताया कि निगम ने नई नर्मदा लाइन डालने का काम आदिनाथ इंटरप्राइजेस को ठेके पर दिया है। उसी कार्य के निरीक्षण के दौरान यह विवाद हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी रमेश शर्मा क्षेत्र क्रमांक 3 के पूर्व भाजपा विधायक के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

## सुसाइड केस में पति सास-ससुर पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मणपुरा निवासी पूजा यादव की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति, सास, ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। 21 नवंबर को पूजा ने अपने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। पूजा के चाचा संजीव यादव और भाई ने अश्मेंद यादव ने अपने बयानों में बताया था कि पूजा का पति और सास-ससुर उसे दहेज में कार लाने के लिए परेशान कर रहे थे। घटना के बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही थी। पुलिस ने पूजा के परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। जिसमें ससुराल पक्ष पर कार देने के लिए दबाव बनाने के आरोप लगे हैं। जांच पूरी होने पर पुलिस ने पूजा के पति हर्ष यादव, पिता वीरेंद्र यादव और सास बिट्टी यादव के खिलाफ शुक्रवार को प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामले में पति की गिरफ्तारी हो गई है, जबकि सास-ससुर फरार हैं। पूजा के सुसाइड के बाद पति हर्ष ने बताया था कि घटना की रात में दोनों कमरे पर ही थे। उनके बीच बातें चल रही थीं। इस दौरान एक बात को लेकर बहस हो गई। तब वह कमरे से बाहर निकल गया। करीब एक घंटे बाद वापस आया, तो पूजा फंदे पर लटकी थी। इसके बाद परिवार को जानकारी दी। उसे नजदीक के अस्पताल भी लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूजा के ससुराल में उसके जेठ और तीन ननद हैं। सभी की शादी हो चुकी है। ससुर वीरेन्द्र ट्रांसपोर्ट पर काम करते हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों की शादी 7 माह पहले हुई थी। पूजा के मायके पक्ष के लोग भिंड में रहते हैं। अलसुबह पूजा की मौत के बाद उन्हें भी सूचना दी गई। दूसरे दिन दोपहर में इंदौर आने के बाद पूजा का पोस्टमार्टम हुआ। पूजा के मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि हर्ष कुछ काम नहीं करता था। इसलिए दहेज के लिए आए दिन उसे परेशान करता था। वह घर से रुपए लाने की बात भी करता था।

## शुक्ला ब्रदर्स की बस से फिर टक्कर... दो बाइकों को कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर-उज्जैन रोड पर शुक्रवार शाम शुक्ला ब्रदर्स की बस से बड़ा हादसा हो गया। यह बस भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के परिवार की है। जो बाणेश्वरी ट्रेवल्स के नाम से चल रही थी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भीड़ ने बस में जमकर तोड़फोड़ कर दी। बस के ड्राइवर और क्लीनर को पीटा।**

सांवेर पुलिस के मुताबिक हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। बस में सवार यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। पुलिस ने बस को जब्त कर घायलों को अस्पताल भिजवाया है। हादसे में घायल एक महिला और युवक को इंदौर के अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं अन्य घायलों का इलाज सांवेर के अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार अधिक थी, जिससे पीछे से दोनों बाइकें चपेट में आ गईं। एक बाइक पर सवार महिला, पुरुष और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार युवक भी जख्मी हुआ है। दुर्घटना के तुरंत बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बस पर पथराव कर दिया। उस समय बस के अंदर यात्री मौजूद थे, जिन्हें लोगों ने तुरंत बाहर निकालकर सुरक्षित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। शुक्ला ब्रदर्स की बस ने स्कूटी सवार महिला को सामने से टक्कर मार दी। यह बस भाजपा विधायक गोलू शुक्ला की बाणेश्वरी ट्रेवल्स के नाम से चल रही थी। हादसे में स्कूटी पर सवार महिला और उसकी 9 वर्षीय बेटी दोनों घायल हो गईं। राहगीरों ने तुरंत उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया। लोगों ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा।

## महिला अपराधों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**इंदौर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने कहा है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों के मामलों को गुणवत्ता के आधार पर त्वरित रूप से निराकृत किए जाने के हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक प्रकरण में पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना तथा दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में प्रभावी और संवेदनशील पहल होना चाहिए। श्रीमती रहाटकर आज इंदौर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में इंदौर आईजी श्री अनुराग, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, संभाग के डीआईजी, विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# भाषा और संस्कृति एक-दूसरे के हैं पूरक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## हिन्दी लोकभाषा हमारे माथे की है बिन्दी...साहित्य का एक ही रंग- राग और आनंद...नमस्कार अब बन गया है वैश्विक शब्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भाषा और संस्कृति एक-दूसरे की सहज पूरक हैं। संस्कृति, भाषा को वह कथा-बीज देती है, जिनसे लोक-साहित्य से लेकर वैश्विक साहित्य जन्म लेता है और भाषा, संस्कृति को वह अभिव्यक्ति देती है, जिससे परंपराएं पीढ़ियों तक सुरक्षित यात्रा कर पाती हैं। भाषा और संस्कृति दोनों एक-दूसरे की संरक्षक भी हैं। साहित्य का एक ही रंग होता है, राग और आनंद का। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिन्दी भाषा सच्चे अर्थों में लोक भाषा है। हिन्दी हमारे माथे की बिन्दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी हिन्दी वैश्विक मंच पर भारत की पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ने अधिसत्ता नहीं, सदैव प्रभुसत्ता और लोक बन्धुत्व की भावना रखी। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो की पवित्र भावना से ओत-प्रोत है। यही कारण है कि आज भारतीय संस्कृति दुनियाभर में अपनी अलग पहचान रखती है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में साहित्य और कला के सबसे बड़े उत्सव 'विश्वरंग–2025 टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव' में देश-विदेश से आए साहित्यकारों, कलाकारों और युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी का मध्यप्रदेश की धरती पर स्वागत-अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सृजनात्मक और कलात्मक धरती हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति को जोड़ने वाली सेतु बन गई है। हमारा भोपाल अब भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषा चेतना और वैश्विक साहित्यिक संवाद का केन्द्र बन गया है। महोत्सव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में कई सत्र, कविता पाठ, पैनल चर्चा, कला प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वरंग का कैटलॉग, हिन्दी भाषा की मार्गदर्शिका एवं पुस्तकें भेंट की गईं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साहित्य सच्चे अर्थों में एक दीर्घ साधना है और साहित्यकार एक प्रयोगधर्मी साधक है। साहित्यकार अपनी कल्पनाशीलता, चिंतन और रचनात्मकता से ऐसे शब्द गढ़ता है, जो कालांतर में अमर हो जाते हैं। उन्होंने साहित्य और कला को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि विश्वरंग जैसे आयोजन नई पीढ़ी में सृजनशीलता और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर की विचारधारा और उनकी वैश्विक दृष्टि आज भी दुनिया भर में संवाद, सौहार्द और मानवता का संदेश देती है। विश्वरंग–2025 जैसा मंच साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है। यह आयोजन हमारी समृद्ध देशज कला एवं संस्कृति का पोषक है। यह हमारे साहित्यिक वैविध्य में भी एकात्मकता का संदेश देता है। साहित्य लोक-समाज को दिशा देने वाले कर्म के साथ हमारी जीवनधारा का मानस मर्म भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि दुनिया में कई देशों की अपनी-अपनी संस्कृति है। लेकिन भारत का उद्भव मातृ सत्ता के आधार पर विश्व बंधुत्व को लेकर आगे बढ़ने की रही है। ब्रिटिश काल से ही भारतवंशी दुनिया के अनेक देशों में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। भारतीय इतिहास पर नजर डालें, तो अंग्रेज कभी एग्रीमेंट कर भारतीयों को कृषि और पशुपालन सहित अन्य कार्यों के लिए अपने स्वामित्व वाले देशों में ले गए थे। इन्हीं को गिरमिटिया कहा गया है। तब अंग्रेजों ने देशभर से इन शुभ कार्यों के लिए सुयोग्य लोगों को चुना था। आज विश्वरंग के माध्यम से 70 देशों के साहित्यकार, कलाकार और संस्कृति संरक्षक भोपाल आए हैं। कार्यक्रम में हिन्दी सेवी डॉ. सिद्धांत चतुर्वेदी, डॉ. अदिति चतुर्वेदी, डॉ. अरुण जोशी, श्री राहुल कोठारी एवं अतिथि सहित विद्वतजन, दुनियाभर से आए रचनाकार, साहित्यकार, भाषाविद्, हिन्दी प्रेमी, साहित्य प्रेमी और कलाप्रेमी उपस्थित थे।

## लापता डॉग के पोस्टर लगे गुमशुदगी की एफआईआर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर के राइट टाउन में रहने वाले डॉक्टर परिवार की ल्हासा अप्सो फीमेल डॉग 'मैगी' 19 नवंबर से लापता है। परिवार ने शहरभर में गुमशुदगी के पोस्टर लगाकर 10 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है।डॉ. अखिलेश तिवारी का कहना है कि मैगी डॉग नहीं, बल्कि उनकी बेटी जैसी थी- उसके गायब होने से घर में सन्नाटा है। परिवार ने मदनमहल थाने में एफआईआर दर्ज कराई है और लोगों से मदद की अपील की है। राइट टाउन निवासी डॉ. अखिलेश तिवारी की 9 साल से परिवार के सदस्य की तरह पाली गई ल्हासा अप्सो डॉग 'मैगी' 19 नवंबर को अचानक घर से लापता हो गई। डॉक्टर और उनके परिवार ने कई घंटे तक तलाश की, आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने शहरभर में मैगी के गुम होने के पोस्टर लगाए और उसे तलाश कर लाने वाले को 10 हजार रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की। डॉ. तिवारी ने कहा- 'मैगी कोई डॉग नहीं, मेरी बेटी जैसी है उसके बिना घर सूना लग रहा है।' पोस्टर के बाद शहर के कई क्षेत्रों में लोग इस ब्लैक फीमेल ल्हासा अप्सो को खोज रहे हैं। परिवार ने मदनमहल थाने में गुमशुदगी की एफआईआर भी दर्ज करवाई है। डॉ. तिवारी का कहना है कि जो भी उसे वापस घर लाएगा, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि उसका सम्मान किया जाएगा।

## शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे दो भाइयों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडोरी, एजेंसी।** देर रात करीब 11 बजे जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर महावीर टोला के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बेकाबू बाइक पिकअप वाहन से टकरा गई, जिससे बाइक में आग लग गई और वह जलकर खाक हो गई। हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मृतक के पिता विष्णु कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के छिंद गांव निवासी महेंद्र विश्वकर्मा और विपिन विश्वकर्मा बाइक क्रमांक एमपी52एमई2005 से गाड़ासरई में मामा के लड़के दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा की शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे थे। दोनों मृतक मामा-बुआ के लड़के बताए गए। भाई दुर्गेश की शादी 30 नवंबर को होनी है।

## कक्षा 8वीं के छात्र ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाई अस्पताल में उपचार जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम , एजेंसी।** निजी स्कूल के कक्षा 8 वीं के छात्र रिशान कटारा पिता प्रीतम कटारा ने स्कूल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए जानकारी संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने तत्काल एसडीएम आर्ची हरित को घटना स्थल पर निरीक्षण एवं जांच के लिए भेजा। छात्र का निजी अस्पताल मे इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी स्कूल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों और परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### पैदल ही खाद सेंटर पहुंचे 'महाराज'

# ज्योतिरादित्य के एक्शन से विभाग में हड़कंप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोक नगर, एजेंसी। गुना जिले की बमोरी में एक दिन पहले खाद के लिए लाइन में लगी महिला किसान की मौत ने सबको चौंका दिया था। इस घटना के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं अपने दौरे के बीच काफिला रुकवा कर खाद्य वितरण केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने खाद वितरण केंद्रों पर जमीनी हकीकत को जाना और अधिकारियों को उचित व्यवस्था और किसानों को असुविधा न हो इसके कड़े निर्देश दिए।**



उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया क्षेत्र में डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। इसके बीच शुक्रवार को अपने प्रवास के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया अचानक अशोकनगर जिले के ईसागढ़ के नईसराय स्थित खाद वितरण केंद्र पर पहुंचे। सिंधिया ने मौके पर पहुंचकर स्टॉक, सप्लाई और वितरण व्यवस्था का पूरा मूल्यांकन किया ताकि किसी किसान को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और डॉ. मोहन यादव की सरकार में अन्नदाताओं को पूरी खाद सप्लाई मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। और धीरे-धीरे शेष बचे लोगों को भी शीघ्र खाद मुहैया कराई जाएगी। डीएपी खाद वितरण केंद्र की व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने केंद्र पर उपलब्ध डीएपी के बैगों की स्वयं जांच की। साथ ही किसानों को दिए जा रहे बैगों की मात्रा व गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वितरण रजिस्टर, पीओएस मशीन से किसानों को किए जा रहे आवंटन और स्टॉक की वास्तविक स्थिति का मिलान कराया। सिंधिया ने किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और खाद वितरण में आ रही कठिनाइयों को जाना।

## हिस्ट्रीशीटर की पीट-पीटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** सागर के कोतवाली थाना क्षेत्र के लाजपतपुर में हिस्ट्रीशीटर की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार को वारदात का वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी डंडों से बदमाश को बेरहमी से पीटते हुए नजर आ रहे हैं। वारदात 25 नवंबर की रात की है। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 25 नवंबर की रात सुशील चौबे (40) निवासी बाहुवली कॉलोनी रास्ते के समय लाजपतपुर क्षेत्र में गली से जा रहा था। जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद में कुछ लोगों ने उसके साथ डंडों से जमकर मारपीट की। मारपीट में आई चोटों से वह गंभीर घायल हुआ। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 27 नवंबर को उसकी मौत हो गई।

## हिट एंड रन, मां-बेटे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसा पुरानी छावनी स्थित निरावली पॉइंट पर हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मोती झील कृष्णा पहाड़ी निवासी चमेली बघेल (45), पत्नी अतर सिंह बघेल, अपने बेटे धर्मेंद्र बघेल (27) के साथ शुक्रवार दोपहर एक कार्यक्रम में शामिल होकर कैलारस (मुरैना) से लौट रही थीं। दोनों जैसे ही निरावली पॉइंट के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार

## संपादकीय

# एमसीडी उपचुनाव : बीजेपी और आप के बीच सीधी टक्कर

दिल्ली नगर निगम (MCD) की 12 सीटों पर 30 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार थम गया है। यह चुनाव सत्ताधारी बीजेपी के लिए एक बड़ी परीक्षा है। फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 70 में से 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाई थी। अब इन उपचुनावों के नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। ये नतीजे बताएंगे कि बीजेपी निगम पर अपनी पकड़ मजबूत कर पाई है या नहीं। बीजेपी ने लगातार तीन बार MCD पर राज किया था, लेकिन 2022 में AAP ने उसे सत्ता से बेदखल कर दिया था। कुल 12 वार्डों में से 9 पर पहले बीजेपी का कब्जा था और 3 पर AAP का। यह चुनाव बीजेपी के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। शालीमार बाग बी सीट से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहले पार्षद थीं, फिर उन्होंने इसी विधानसभा सीट से चुनाव जीता। इसी तरह, द्वारका बी सीट बीजेपी के कमलजीत सहरावत ने खाली की थी, जब वे लोकसभा के लिए पश्चिम दिल्ली सीट से चुने गए थे। इन उपचुनावों में कुल 51 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 26 महिलाएं शामिल हैं। बीजेपी ने सबसे ज्यादा 8 महिला उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि AAP ने 6 और कांग्रेस ने 5 महिला उम्मीदवार उतारे हैं। फिलहाल, 250 सदस्यों वाले MCD सदन में बीजेपी के 116 पार्षद हैं, AAP के 99, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के 15 और कांग्रेस के 8 पार्षद हैं। 2022 के पिछले MCD चुनावों में AAP ने 134 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया था। बीजेपी को 104 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को 9। तीन सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों को मिली थीं। दलबदल कानून MCD पार्षदों पर लागू नहीं होता, इसलिए पिछले दो सालों में लगातार दलबदल के कारण सदन की तस्वीर बदल गई है। बीजेपी के मेयर राजा इकबाल सिंह ने विश्वास जताया है कि उनकी पार्टी सभी 12 सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, 'दिल्ली की जनता ने AAP को पूरी तरह से नकार दिया है, हम इसका सीधा नतीजा देख सकते हैं। पूर्वांचल के लोगों ने बिहार चुनावों में बीजेपी के लिए भारी संख्या में वोट किया है। वे यहां भी हमारी पार्टी को वोट देंगे।' बीजेपी की दिल्ली इकाई के पूरे तंत्र ने 12 वार्डों में जमकर प्रचार किया है। वहीं, AAP के प्रचार का नेतृत्व पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी, प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और पूर्व दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने किया। AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रचार में हिस्सा नहीं लिया। इन 12 सीटों में से पांच महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, एक अनुसूचित जाति (SC) के लिए आरक्षित है और बाकी सामान्य श्रेणी की सीटें हैं।

# भूतहा अस्पताल



विरान नगर के मेंटल हॉस्पिटल के सामने सुबह के समय एक ऑटो आकर रुका। इसमें से रवि नाम का लड़का उतरा और अस्पताल के गार्ड को बुलाने लगा। कुछ देर तक जब कोई नहीं आया, तो रवि खुद ही गेट खोलकर अंदर जाने लगा। जैसे ही रवि ने गेट खोला एक आदमी ने उससे पूछा कि तुम टीवी ठीक करते हो? रवि ने जवाब दिया, नहीं। यह सुनते ही उस आदमी ने रवि को जोरदार थप्पड़ मारते हुए कहा कि यहां से अभी सिर्फ टीवी ठीक करने वाले को अंदर आना था, तुम यहा क्या कर रहे हो?

रवि को कुछ समझ नहीं आ रहा था। थप्पड़ खाने के बाद उसका सिर भी चकराने लगा, लेकिन किसी तरह खुद को संभालते हुए रवि ने कहा कि मैं यहां नौकरी के लिए आया हूं। तभी एक डॉक्टर और उसके साथ चार कंपाउंडर भी गेट के पास पहुंच गए। उन्होंने थप्पड़ मारने वाले इंसान को पकड़ लिया। डॉक्टर ने कंपाउंडर से कहा कि जाओ इसे ले जाकर ट्रीटमेंट की तैयारी करो, मैं जल्दी आता हूं।

कंपाउंडर के जाते ही पास खड़ा रवि डॉक्टर के पास गया और कहा कि आज इस अस्पताल में मेरा पहला दिन है। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि डॉक्टर पाटिल कहा मिलेंगे?

डॉक्टर ने जवाब देते हुए कहा कि मैं ही पाटिल हूं। तुम यहां से सीधे जाकर अपना जॉब लेटर ऑफिस में जमा करो और वहां से ड्रेस लेकर बगल के कैबिन में आ जाना।

रवि थोड़ी ही देर में कंपाउंडर की वर्दी पहनकर डॉक्टर के कैबिन में पहुंच गया।

डॉक्टर ने उसे बताया कि जो तुम्हें अभी गेट में मिला था, वो पागल है। पिछले आठ दिनों से वो सभी को टीवी बनाने वाला समझ रहा है। फिर जब उसे पता चलता है कि वो टीवी बनाने वाले नहीं हैं, तो गुस्से में थप्पड़ मार देता है।

उसके बाद डॉक्टर ने अपने अस्पताल के रमाकांत कंपाउंडर को बुलाया और रवि का परिचय सबसे कराने के लिए कहा।

रमाकांत ने कुछ ही देर में रवि से सबको मिलवा दिया और फिर उसे मरीजों के कमरे में ले गया। वहां हर कोई कुछ-न-कुछ अजीब हरकत कर रहा था। कोई दिल टूटने वाली शायरी सुना रहा था, तो कोई फिल्मी संगीत गाते हुए डायलॉग मार रहा था।

सभी मरीजों को दिखाते हुए रमाकांत ने रवि से कहा कि आज के बाद से तुम्हें इन सारी चीजों को झेलना होगा। इतना कहकर रमाकांत वहां से चला गया। तभी रवि को पता चला कि उसकी नाइट ड्यूटी लगी है। दिन के समय आराम करने के बाद रवि रात को मरीजों की देखरेख में जुट गया।

जैसे ही रात के 12 बजे तो सभी का चेहरा डर से पीला पड़ने लगा। हल्ला करने वाले मरीज भी चुपचाप से एक कोने में बैठ गए। यह सब देखकर रवि को बड़ा अजीब लगा। उस दिन नाइट ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर से रवि ने पूछा कि आखिर ये सब क्या हो रहा है? सब लोग इतना डर क्यों रहे हैं?

डॉक्टर ने जवाब दिया, "इस अस्पताल में रात 12 बजे के बाद भूत घूमते हैं। वो सारे भूत इसी अस्पताल के पुराने मरीज हैं, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। तुम संभलकर रहना। रवि को भूतों पर विश्वास बिल्कुल भी नहीं होता था। उसने डॉक्टर की बात को हंसी में टाल दिया और अपना काम करने लगा।

उसी रात रवि अकेले बाथरूम जा रहा था। तभी उसे लगा कि कोई उसके पीछे है। मुड़कर देखने पर कोई नहीं दिखा। कुछ देर बाद उसे फिर ऐसा ही महसूस हुआ। रवि ने सोचा कि भूत की बात उसके दिमाग में घूम रही होगी, इसलिए उसे वहम हो रहा है। बाथरूम करके जब रवि बाहर आ रहा था, तो उसे शीशे में लिखा हुआ दिखा कि आज तुम पागल हो जाओगे। रवि को लगा कोई उसके साथ मजाक कर रहा है, इसलिए उसने इस बात पर गौर नहीं किया और अपने काम पर लग गया।

कुछ देर बाद रवि को एक तेज चीख सुनाई दी। वो दौड़ते हुए आवाज की ओर गया। जैसे ही रवि वहां पहुंचा, तो एक पागल ने दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। किसी तरह से रवि से उस दरवाजे को खुलवाया। दरवाजा खुलते ही उस पागल ने रवि को हवा में उछालकर गिरा दिया। रवि इतनी जोर से गिरा कि उसकी पीठ में गहरी चोट लग गई।

तभी एक जोर की हंसी रवि को सुनाई दी। वही पागल हंसते हुए बोला कि मैंने कहा था न कि आज तू पागल हो जाएगा।

रवि ने गुस्से में झल्लाते हुए कहा, " पागल आदमी तुने ये क्या किया? रुक तुझे अभी बिजली का झटका देता हूं।"

पागल ने जवाब दिया, "अस्पताल में मिलने वाले बिजली के झटके से ही तो मेरी मौत हुई थी। अब तू क्या मुझे कोई शॉक देगा। अब मुझे इनका डर नहीं।"

इतना कहते ही उस पागल भूत ने रवि को एक हाथ से पकड़ा और दूसरा हाथ स्विच बोर्ड में डाल दिया। इस तरह से रवि को बिजली का इतना तेज झटका दिया कि उसकी चीखों से पूरा अस्पताल गूंज उठा। रवि की आवाज सुनकर अस्पताल में मौजूद नाइट स्टाफ दौड़ते हुए उस कमरे की तरफ आए। सबको वहां रवि बेहोश हालत में मिला। तुरंत रवि को मरीजों के बेड पर लेटाया। उसी दिन से रवि की दिमागी हालत खराब है।

अब रवि अपने आप को उस अस्पताल का डॉक्टर समझता है। अपनी पागल स्थिति और डॉक्टर बनने के वहम के चलते रवि ने ब्लेड से अबतक कई लोगों का पेट काट दिए हैं।

हर रात उस भूतिया अस्पताल से रवि की तरह ही चीखने की आवाज आती है और किसी-न-किसी को वो भूत रवि की तरह ही पटक देता है। ये चीखने की आवाज हमेशा उसी समय आती है जब रवि को बिजली के झटके दिए जाते हैं।

### कहानी से सीख :

सामने वाले की चेतावनी को हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है। हमेशा सतर्क रहना चाहिए। थोड़ी-सी भी सावधानी हटने पर भयानक दुर्घटना घट सकती है।

New Delhi

# ED को बाइक टैक्सी ड्राइवर के खाते में मिले 331 करोड़ रुपये, उदयपुर से गुजरात तक जांच शुरू

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के दौरान एक बाइक टैक्सी ड्राइवर के बैंक अकाउंट में 331 करोड़ रुपये जमा कराए जाने का पता चला है। यह रकम सिर्फ 8 महीनों जमा कराई गई थी। ईडी ने जब उस बाइक टैक्सी ड्राइवर के घर पर छापा मारा तो जो सच्चाई सामने आई वह हैरान करने वाली थी।

जानकारी के अनुसार, ईडी एक अवैध सट्टेबाजी ऐप 'वनएक्सबेट' (1xbet) ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच कर रही है। इस बीच ईडी के अफसर 8 महीने में एक बैंक अकाउंट में जमा हुए



331 करोड़ रुपये से ज्यादा के मनी ट्रेल की जांच करते हुए एक बाइक टैक्सी ड्राइवर के दरवाजे पर जा पहुंचे।

वह बाइक टैक्सी ड्राइवर दिल्ली के एक साधारण से इलाके में दो कमरों की झुग्गी में रहता था। ईडी की टीम ने बिना समय गंवाए यह पता लगा लिया कि यह एक 'म्यूल' अकाउंट का एक क्लासिक मामला था, जिसका इस्तेमाल अवैध रकम ठिकाने लगाने के लिए किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पता चला कि बाइक टैक्सी ड्राइवर के बैंक अकाउंट में 19 अगस्त 2024 से 16 अप्रैल 2025 के बीच 331.36 करोड़ रुपये जमा हुए थे। आठ महीने के कम समय में करोड़ों रुपये के संदिग्ध ट्रांजैक्शन को देख संघीय एजेंसी ने बाइक टैक्सी ड्राइवर के बैंक रिकॉर्ड में दिए गए पते पर छापा मारा।

Gujrat

## जेल में आसाराम के बेटे नारायण साई के पास फिर मिला मोबाइल



**सूरत, (एजेंसी)** गुजरात की सबसे आधुनिक मानी जाने वाली सूरत की लाजपोर सेंट्रल जेल एक बार फिर सुर्खियों में है, जहां बलात्कार के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा विवादास्पद धर्मगुरु नारायण साई की बैरक से मोबाइल फोन, बैटरी और सिम कार्ड बरामद हुआ है। जेल प्रशासन की सरप्राइज चेकिंग में ये खुलासा हुआ, जिसके बाद सचिन पुलिस थाने में नारायण साई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जेल प्रशासन ने बताया कि 27 नवंबर को जेलर दीपक भाभोर को गोपनीय सूचना मिली थी कि अलग बैरक नंबर-1 में बंद नारायण साई के पास मोबाइल फोन है। सूचना के आधार पर जेल सर्च स्क्वॉड ने तुरंत छापेमारी की. तलाशी के दौरान बैरक के लोहे के दरवाजे के पीछे एक मोबाइल फोन चुंबक (मैग्नेट) से चिपकाकर छिपाया हुआ था. फोन से बैटरी और सिम कार्ड पहले ही निकाल लिए गए थे. आगे की तलाशी में नारायण साई के बैग से सिम कार्ड बरामद कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि फोन इस्तेमाल करने के बाद वह बैटरी और सिम अलग-अलग रखता था. बैटरी को सुरक्षा के लिए सेनिटोरियम के दरवाजे के अंदर छिपाया जाता था, जिसे भी जेल कर्मियों ने बरामद कर लिया. सूरत पुलिस के एसीपी नीरव गोहिल ने बताया, '27 नवंबर को जेल प्रशासन को सूचना मिली थी. जांच में दरवाजे के पीछे मैग्नेट से चिपकाया हुआ मोबाइल, अलग से छिपाई गई बैटरी और इनहेलर में रखा सिम कार्ड बरामद हुआ.

Chhattisgarh

## 29 कांग्रेस नेताओं के 'हत्यारे' नक्सली चैतू का सरेंडर

**जगदलपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में झीरम घाटी हमले का मास्टरमाइंड नक्सली चैतू उर्फ श्याम दादा ने सरेंडर



कर दिया है। झीरम घाटी में कांग्रेस के टॉप लीडरशिप समेत 32 लोगों का कत्ल हुआ था। बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को 100 गोलियां मारी गई थी। उनके सीने पर चढ़कर नक्सली नाचे थे। चैतू उर्फ श्याम दादा वर्तमान में डीकेएसझेडसीएम कैडर का है। इस पर 25 लाख का इनाम था। बस्तर के जंगलों में कई बार सुरक्षाबलों की गोलियों से बच निकला था। फोर्स की लगातार मौजूदगी के बाद चैतू उर्फ श्याम ने हथियार डाले हैं। 45 साल से नक्सल संगठन में था, जिसमें 35 साल बस्तर में काम किया है।

New Delhi

## पीरियड्स के सबूत मांगने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में 4 महिला सफाई कर्मचारियों से पीरियड्स का सबूत मांगने के मामले में केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है।**

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा- यह महिलाओं के प्रति लोगों की सोच दिखाता है। अगर उनकी गैरमौजूदगी की वजह से कोई भारी काम नहीं हो सका तो किसी और को लगाया जा सकता था। कर्नाटक में पीरियड्स की छुट्टी दी जा रही है लेकिन अब क्या वे छुट्टी देने के लिए सबूत मांगेंगे? सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने कोर्ट को बताया कि यह एक गंभीर आपराधिक मामला है



और इसकी हाई लेवल जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार को विस्तृत जांच के निर्देश दिए जाएं।

खेल

## अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित, म्हात्रे करेंगे कप्तानी, वैभव सूर्यवंशी को भी मिली जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। इस 15 सदस्यीय टीम की कमान आयुष म्हात्रे संभालेंगे, जबकि युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है। एशिया कप का आयोजन 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में होगा। ये टूर्नामेंट 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। विहान मल्होत्रा इस दौरान टीम के उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अंडर-19 विश्व कप की तैयारी के लिहाज से अहम है टूर्नामेंट

म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु प्रारूप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी-फरवरी में



जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा। 14 साल के सूर्यवंशी ने हाल ही में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 32 गेंद में शतक जड़ा था। 42 गेंद में 144 रन की ताबड़तोड़ पारी के दौरान वह पुरुष टी20 प्रारूप में तीसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे।

**14 दिसंबर को पाकिस्तान से होगा मैच-** बीसीसीआई के मुताबिक टीम में शामिल किशन कुमार सिंह को टूर्नामेंट से पहले अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज क्वालिफायर टीम के खिलाफ करेगी। अंडर-19 एशिया कप में भाग लेने वाली तीन क्वालिफायर टीमों का पता बाद में चलेगा। भारत अंडर-19 के सामने 14 दिसंबर को पाकिस्तान अंडर-19 टीम की चुनौती होगी, जबकि टीम 16 दिसंबर को एक अन्य क्वालिफायर के खिलाफ खेलेगी। टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 19 दिसंबर खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 21 दिसंबर को होगा।

**अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 टीमः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए. पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज।

**स्टैंडबाई खिलाड़ीः** राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बी.के. किशोर,आदित्य रावत।

सिनेमा

## हॉलीवुड में आसान नहीं रहा प्रियंका चोपड़ा का करियर, गलतियों से सीखा



प्रियंका चोपड़ा, इन्फ्लूएन्शियल इंडियन स्टार्स में शुमार हैं. ग्लोबल लेवल पर ये अपनी जगह बना चुकी हैं. प्रियंका ने जब हॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखा था तो उनके पास कोई फ्यूचर प्लान नहीं था. न ही कोई रोडमैप था, जिसपर वो चल सकें और अचीव कर सकें. प्रियंका ने अपनी जर्नी को बस शुरू कर दिया था. प्रियंका ने अपनी इस जर्नी को ट्रायल की तरह लिया. उसमें गलतियां तो कीं, लेकिन उनसे सीखा भी. प्रियंका ने कहा- मुझे इंटरनेशनल ऑडियन्स जान तो रही थी, लेकिन मुझे ये नहीं पता था कि उनके बीच में बने कैसे रहना होगा. इस एक चीज में मैं पीछे रही हूं. अपनी आयडेंटिटी बनाए रखने को लेकर मैंने काफी संघर्ष किया है. मैंने जब हॉलीवुड में कदम रखा था तो मैंने खुद के लिए कोई एग्जाम्पल सेट नहीं किया था. मैंने अपनी राह खुद अकेले बनाई है. मुझे यहां के बारे में कुछ पता ही नहीं था. न ही मुझे सबकुछ एकदम से जानना था. मैंने धीरे-धीरे जो सीखा, खुद से सीखा, खुद से जाना. मेरे से पहले कुछ स्टार्स इंटरनेशनल लेवल पर काम करके गए, उन्होंने नाम बनाया. लेकिन मैंने किसी के फुटस्टेप्स को फॉलो नहीं किया. मेरे लिए सबकुछ बस ट्रायल और एरर रहा. मैंने गलतियां कीं. कुछ अच्छी गलतियां भी कीं. कुछ बुरी कीं. और जब आप शुरू से शुरुआत करते हो तो ऐसा होता है और मैं इस बात में ओके हूं.

## Highlights

1. **61-year-old Mumbai woman hurt in road mishap, Doctor faces case**
2. **IWAI, UP govt sign ₹6,000 crore MoUs to develop inland waterways**
3. **61 DSPs get new postings ahead of local body polls in Punjab**
4. **Srinagar artisan revives Pashmina weaving with modern calligraphy**
5. **Punjab Zila Parishad poll to be conducted on Dec 14**

# India's GDP likely to grow at 7% or more in FY26 to cross $4-trillion mark, CEA says



**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian economy might grow faster than estimated in the economic survey earlier this year, so much so that the GDP would cross the $4-trillion mark, Chief Economic Adviser V. Anantha Nageswaran said on Friday.

"The first half of the financial year has recorded a real GDP growth rate of 8%. Now we can state comfortably that the full year growth will be either 7% or to the north of that, rather than to the south of that," Nageswaran told reporters during a press conference after the release of the Q2 GDP data. "We are now saying that the GDP growth rate will be at least 7% for the full year."

At that rate, India's gross domestic product—a measure of the size of the economy—would cross the $4-trillion mark, he said.

"The confluence of stable inflation, sustained public capex and the reforms momentum positions the economy to navigate risks, as reflected in upward revisions to FY26 GDP growth projections by various agencies."

The Indian economy grew at the fastest pace in six quarters in July-September 2025, underscoring the resilience of the world's fourth largest economy in the face of steep US tariffs that came into effect on 23 August.

India's GDP growth rate stood at 8.2% in Q2 FY26 as against 7.8% in Q1 FY26 and 5.4% in the year-ago period, according to data released by the National Statistical Office on Friday. Economists polled by Reuters had estimated the GDP print at 7.3%, while an SBI Research report pegged the figure at 7.5%. Bloomberg had an estimate of 7.4%.

The Economic Survey 2024-25 had projected India's GDP growth rate at 6.3-6.8% in FY26. The size of the economy was $3.9 trillion in FY25.

# India 's GDP growth rate accelerates to 8.2% in Q2 FY26 despite Trump tariffs

**NEW DEIHI, (Agency).** India's economy grew at the fastest pace in six quarters in July-September 2025, underscoring the resilience of the world's fourth largest economy in the face of steep Trump tariffs.

India's GDP growth rate stood at 8.2% in Q2 FY26 as against 7.8% in Q1 FY26 and 5.4% in the year-ago period, according to data released by the National Statistical Office on Friday. Economists polled by Reuters had estimated the GDP print at 7.3%, while an SBI Research report pegged the figure at 7.5%. Bloomberg had an estimate of 7.4%.

Consumption rose 7.9% YoY in Q2 FY26 vs 7.0% in Q1 FY26



Manufacturing output rose 9.1% YoY in Q2 FY26 vs 7.7% in Q1 FY26

Construction activity grew 7.2% YoY in Q2 FY26 vs 7.6% in Q1 FY26

Government spending down 2.7% YoY vs 7.4% up in Q1 FY26

"[India's GDP] growth rate has exceeded expectations dramatically to 8.2%, led by statistically favourable deflator effects, lagged effects of monetary and regulatory easing and a limited hit so far on India's exports," Madhavi Arora, chief economist at Emkay Global Financial Services Ltd., told Reuters. "Some of these factors will spill over to Q3 as well, along with improvement in consumer demand, leading to FY26E GDP comfortably hugging 7% print." On 23 August, the United States imposed 50% tariffs on India's exports due to its import barriers and purchase of Russian oil, which President Donald Trump said was fueling Moscow's war in Ukraine. On 22 September, GST 2.0 came into effect to reduce tax on hundreds of items—from soaps to small cars—to spur domestic consumption.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.




# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक